एक नजर में

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने पर किया सम्मान

उदयनगर। सरस्वती शिशु मंदिर उदयनगर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों का शील्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान साथ ही प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में सहभागी होने के लिए जाने वाले भैया आकाश माली और बादल माली को संयोजक महोदय आदरणीय दादा जीवनसिंह जी दांगी सीतावन उत्थान सेवा समिति के गोविंदराव चौहान सह संयोजक आनंद जैन नितिन सोनी नितेश महेश्वरी प्रकाश शर्मा और विद्यालय के पूर्व छात्र तथा वर्तमान सरपंच विजेंद्र सिंह दांगी तथा विद्यालय परिवार ने विजय तिलक लगाकर शुभकामना और शुभ आशीष देकर किया विदा उनके साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रितिकजी शिवदे भी संरक्षक के रूप में रवाना हुए।

श्री खेड़ापति प्रांगण में हो रहे आकर्षक गरबे

सोनकच्छ। नगर के श्री खेड़ापति मंदिर प्रांगण में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माँ जगत जननी की प्रतिमा विधि-विधान से विराजमान की गई। समिति लगातार 37 वर्षों से प्रतिमा स्थापना कर भव्य आयोजन करती आ रही है। मंदिर परिसर में आकर्षक रूप से सजी माँ की प्रतिमा भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बनी हुई है। दूर-दूर से श्रद्धालु प्रतिदिन पांडाल में पहुँचकर माता के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। समिति द्वारा प्रतिदिन संगीतमय आरती एवं प्रसाद वितरण किया जा रहा है। आरती उपरांत महिलाओं द्वारा गरबे की सुंदर प्रस्तुतियां दी जाती हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

लक्ष्मीबाई मार्ग पर मां की मनमोहक प्रतिमा

सोनकच्छ। नगर के लक्ष्मीबाई मार्ग पर नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमा विधि-विधान से विराजमान की गई। यहाँ प्रतिमा स्थापना का यह 47वां वर्ष है। इस अवसर पर आकर्षक प्रतिमाएँ एवं सुंदर पांडाल सजाए गए, जिनकी छटा देखते ही बन रही है। भक्तिमय वातावरण में माँ दुर्गा के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो रहा है। श्रद्धालु भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। माँ की प्रतिमा के समक्ष नन्हीं-नन्हीं बच्चियों ने मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

राजोदा से चुनरी यात्रा निकाल कर माता को चुनरी चढ़ाई

देवास। ग्राम राजोदा से माँ नवशक्ति के प्रति आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब नवशक्ति चुनरी यात्रा बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ माता जी की टेकरी (देवास) तक पहुँची तथा माता को चुनरी अर्पित की। इस पावन यात्रा में आसपास के क्षेत्रों से आए अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें महिलाओं की संख्या भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। भक्ति गीत, जयकारे और माँ नवशक्ति के नाम की गूंज ने पूरे मार्ग को आध्यात्मिक वातावरण से भर दिया। यात्रा संयोजक प्रशांत सिंह चौहान (राजोदा) ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से यह यात्रा सफल और भव्य रूप से सम्पन्न हुई। आयोजकों ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में नवशक्ति चुनरी यात्रा को और भी भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर देवास जिला पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया।

कात्यानी के दरबार में प्रतिदिन हो रहा है तुलादान

बागली। बागली मुख्यालय महज 3 किलोमीटर दूर बाहरी ग्राम पंचायत में विगत 40 वर्ष पूर्व जटाशंकर के महंत ब्रह्मलीन केशव दास जी महाराज की सद प्रेरणा से तात्कालिक ग्रामीणों ने मां कात्यानी की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर बनाया जो कालांतर में प्रसिद्ध पाता गया वर्तमान में शारदेय नवरात्रि पर्व पर यहां विशेष अनुष्ठान और पूजा होती है लोगों का मानना है कि यहां पर नवरात्रि पर्व के दौरान सच्चे दिल से की गई मन्नत पूरी होती है। यहां मन्नत तुलादान की ही रहती है। शुक्रवार को बेहरी के निवासी सेवानिवृत्त फोजी जय गोस्वामी के रतलाम निवासरत ससुराल पक्ष वाले परिवार सहित यहां पर आए और परिवार के सदस्य दीपक गिरी गोस्वामी का तुलादान किया बताया गया कि विगत वर्ष पारिवारिक और कानूनी रूप से आ रही परेशानी को हल करने के लिए माता के दरबार में अर्जी लगाई थी। और मान पूरी होने पर यह परिवार फल और मिठाई लेकर मंदिर परिसर में तुला दान करने आया। परिजनों के साथ स्थानीय वरिष्ठ श्रद्धालु प्रहलाद गोस्वामी मुकेश गोस्वामी हीरालाल गोस्वामी संगीता गोस्वामी और परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे इसी प्रकार जगदीश जिराती एवं हेमंत दांगी द्वारा भी मान पूरी होने पर तुलादान की रस्म निभाई यहां पर प्रतिदिन कोई ना कोई श्रद्धालु यहां पर फल मिठाई और अन्य सामग्री से तुलादान करता है। तुलादान में आई वस्तुएं प्रसाद के रूप में वितरित कर दी जाती है। मंदिर के पुजारी श्री उपाध्याय ने बताया कि 9 दिन तक अखंड ज्योत जलने के साथ-साथ घट स्थापना आखरी तक रहती है अंतिम दिन ज्वारे के साथ सभी सामग्री विसर्जित की जाती है। जिसमें लाई गई प्रतीक प्रतिमा भी रहती है।

बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी दी

उदयनगर। महिला बाल विकास विभाग की योजना अनुसार सामूहिक राष्ट्रीय पोषण माह के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई, महिलाओं एवं बच्चों का स्वागत किया गया, सरपंच विजेंद्र दागी मंत्री हरिसिंह राठौर मनीषा गंगराड़े शानू श्रीवास माया राठौर मनीषा मोरे कविता सोलंकी राजू श्रीवास सीमा सिसोदिया कमला रावत प्रमिला तवर एवं अन्य जन सम्मिलित हुवे।

स्वच्छता कार्यो के लिए नगर निगम देवास को नगर परिषद सोनकच्छ की जिम्मेदारी सौंपी

देवास। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का परिणाम जुलाई माह में जारी हुए थे जिसमें 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहर की श्रेणी में देवास ने पूरे देवास में प्रथम स्थान हासिल किया था। स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के क्रियान्वयन की घोषणा की गई थी। जिसके अंतर्गत अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को कम प्रदर्शन करने वाले किसी एक शहर की जिम्मेदारी दी जावेगी। जिसके तहत केंद्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश जारी किए थे। सोनकच्छ नगर परिषद का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 मे अच्छा प्रदर्शन नही होने इनके स्वच्छता मे सुधार हेतु कार्य योजना देने के लिये नगर निगम देवास को जिम्मेदारी सौंपी गई। केन्द्र शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में शनिवार 27 सितम्बर को नगर निगम बैठक हाल मे महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम आयुक्त दलीप कुमार के समक्ष सोनकच्छ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति श्रृति कृष्णपाल बघेल, सीएमओ अमरदास सेनानी के मध्य एक अनुबंध संपादित किया गया। जिसमे देवास नगर निगम, सोनकच्छ नगर परिषद को स्वच्छता मे किस प्रकार से क्या क्या कार्य किये जाना है कार्य योजना मे शामिल रहेगी ताकि सोनकच्छ आगामी सर्वेक्षण मे अपनी अच्छी भूमिका निभा सके इस हेतु देवास नगर निगम को नगर परिषद सोनकच्छ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर बैठक मे निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छ भारत मिशन से विशाल जोशी, विश्वजीतसिंह अरूण तोमर, दीपक अग्रवाल आदि सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयुक्त ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

देवास। शहरी सीवरेज योजना मे मेंढकी रोड स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के (14 एमएलडी क्षमता) का निरीक्षण आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ट्रीटमेंट प्लांट की प्रोसेसिंग के बारे मे जानकारी ली गई। आयुक्त द्वारा प्लांट के निरीक्षण उपरांत निर्देश जारी किये गये कि सिवरेज के पानी शोधन पश्चात प्लांट के ट्रीटेड पानी का उपयोग बगीचों, रोड डिवाईडर की धुलाई मे किया जावे। आयुक्त के द्वारा प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा से कहा कि सिवरेज योजना मे डली लाईन से घरों घर संयोजन आवश्यक है। इस हेतु आम नागरिको को प्रेरित करें की संयोजन अवश्य करें ताकि ट्रीटमेंट प्लांट का पुरी क्षमता से उपयोग हो सके जिससे शहर मे गंदगी से बचाव हो सके। निरीक्षण के दौरान निगम सहायक यंत्री दिनेश चौहान उपस्थित रहे।

14 वर्षीय छात्र ने लगाई फांसी

सीएम राइज स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था

देवास। शहर के आवास नगर क्षेत्र से शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई। महज़ 14 साल की उम्र में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और परिवार में मातम छा गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक गर्वित पवार, सीएम राइज स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र था। शुक्रवार सुबह उसने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। परिजन उसे तुरंत नीचे उतारकर पुलिस को सूचना देने पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार की पृष्ठभूमि भी बेहद साधारण और संघर्षशील रही है। मृतक के पिता अर्जुन सिंह पवार गुरुकुल स्कूल में शिक्षक हैं, बड़ा भाई निर्वेद पवार निजी कंपनी में नौकरी करता है, वहीं मां संस्कार अस्पताल में आईसीयू अटेंडर के तौर पर कार्यरत हैं। बेटे की अकाल मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। आत्महत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है। इस दर्दनाक घटना ने शहरवासियों को भी झकझोर दिया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर महज़ 14 साल के मासूम को ऐसा कदम उठाने की मजबूरी क्यों हुई।

विधायक सोनकर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मां शक्ति की आरती

विधायक ने बालिकाओं के साथ किया गरबा

भौरासा। नवरात्रि के पंचमी दिवस पर सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा व गरबा प्रतियोगिता के आयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने जगत जननी मां शक्ति की आरती की। जेएमडी ग्रुप के सदस्यो द्वारा विधायक डॉ राजेश सोनकर व अन्य सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। गरबा प्रतियोगिता में पुरस्कार 50 हजार रुपए प्रत्येक ग्रुप को दस,दस,हजार रुपए मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेश सोनकर के द्वारा एम,के गरबा मंडल, अध्याय ग्रुप गरबा मंडल, आदर्श क्लब खेडी, श्रीजी पब्लिक स्कूल, मां निंबेश्वरी गरबा मंडल, को वितरित किए गए, वही गरबे को देख वह भी अपने आप को रोक नहीं पाए और गरबा पांडाल में पहुंच कर छोटी-छोटी नन्ही मुन्नी बालिकाओं के साथ गरबा करने लगे विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने सर्व प्रथम नगरवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं! वही बताया शारदीय नवरात्रि में जगत जननी मां जगदंबा के दरबार में भौरासा नगरवासियों के साथ नवरात्रि मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वही मीडिया द्वारा शक्ति माता मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने की नगर की जनता की मांग के बारे में पूछने पर कहा कि मैं और भौरासा नगर परिषद की पूरी टीम इस मंदिर को पैटर्न बनाने के लिए लगे हुए हैं व पूरी तरह से प्रयास रन है जल्द ही यह मंदिर पैटर्न के नक्शे पर होगा और कहां की वर्षों से यह परंपरा नगर भौरासा में चली आ रही है जहां आदी शक्ति मां जगदंबा कि आराधना के नौ दिन नगर के हर बच्चे,बुजुर्ग,पुरुष, महिला सभी इस उत्सव में शामिल होते हैं ! आरती के दौरान विधायक डॉ राजेश सोनकर के साथ राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष, ठा, सुरेंद्र सिंह गौड़, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़, दौलत यादव,पार्षद प्रतिनिधि छोटेलाल लोधी, पार्षद सचिन यादव, पार्षद सुरेश मालवीय, प्रदीप मंत्री, शांतिलाल कुमावत, बाबू जी राठौड़, आराम सिंह कुमावत, प्रदीप ठाकुर, अजब सिंह धाकड़, हिम्मत सिंह ठाकुर, प्रमोद पालीवाल, प्रेमचंद सेठी, सहित भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

विधिक साक्षरता शिविर का समारोह पूर्वक आयोजन

सतवास। सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के सभागृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश, न्यायालय कन्नोद अमित निगम थे , कार्यक्रम के विशेष अतिथि तहसीलदार सतवास अरविन्द दिवाकर, वरिष्ट अधिवक्ता अंकुश सारड़ा, दिलीप बेनीवाल एवं ज्योति भार्गव एवं मुगल्या जी थे । जिला न्यायाधीश अमित निगम ने छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधिक साक्षरता का अर्थ हे, हमें विधि - सम्मत ज्ञान होना , जब आपको कानूनों कि जानकारी होगी तभी आप निर्भय होकर कार्य कर सकेंगे । कानून की जानकारी आप सभी को होना चाहिए साथ ही यह भी ज्ञात होना होना चाहिए कि आपके अधिकार कौन कौन से हे और आपके कर्तव्य कौन कौन से हे । उन्होंने कहा कि, पड़ने के साथ साथ आपको एक सर्वश्रेष्ठ नागरिक के गुणों का विकास भी अपने अंदर करना हे ,एक ऐसा नागरिक जो देश और दुनिया दोनों के लिए अपने कर्तव्य समझता हो और यह विकासआपमें अभी से हो सकेगा । इसके साथ ही शिक्षकों का भी यह दायित्व हे कि, वो अपने छात्र - छात्राओं को कानून एवं नियमों कि जानकारी दे । तहसीलदार सतवास अरविन्द दिवाकर ने कहा कि, कानूनों की जानकारी होगी तभी हम , दूसरों की मदद कर पाएंगे और विद्यार्थी जीवन से ही यह संस्कार विकसित होना चाहिए की , हमें सभी की मदद करना हे। उन्होंने विद्यालय और शिक्षकों का महत्व बताते हुए कहा कि, सारे नवाचार और सृजन विद्यालय से ही आरम्भ होते हे । सभी का स्वागत प्रभारी प्राचार्य जीतेन्द्र कटारा और सुरेश रानिया ने किया। एडव्होकेट अंकुश सारडा और दिलीप कुमार बेनीवाल ने भी विभिन्न कानूनों की जानकारी सभी को दी। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक शिक्षक मनोज दुबे ने किया और आभार प्रदर्शन वरिष्ट शिक्षक रेवाराम हरियाले ने किया । कार्यक्रम में पुलिस विभाग से नज़र खान, विद्यालय से मकबूल खान बनारसी, सुभाष मान्धन्या , चिंतामणी बैरागी, पार्वती भार्गव, सलीम खान, श्री राम चौहान, हबीब खान, सुनील राठौर, अलकेश राठौर, तोताराम सोनेर, प्रदीप यादव, आनंद शर्मा, पंकज बैरागी, प्रदीप गोयल, विनोद मालवीय, गजानंद यादव, सुदामा यादव, आयुष परसाई , राहुल पचार, मनोज राठौर सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

शक्ति स्पंदन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया आयोजन

देवास। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व अभि लेखागार एवं संग्रहालय मध्य प्रदेश शासन भोपाल के तत्वावधान में 27 सितम्बर को शासकीय जिला पुरातत्व संग्रहालय देवास में शक्ति स्पंदन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतिभागियों ने शक्ति को आधुनिक भारत की अवधारणा से जोड़ते हुए अपने कला कौशल से कागज पर रंग बिखेर दिए। प्रतियोगिता छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई । जिसमें प्रथम स्थान सोयम बिसौरे शासकीय नूतन उच्चतर मा विद्यालय, द्वितीय सोनम चौरसिया शासकीय चिमनाबाई विद्यालय एवं तृतीय पुरस्कार समर चौहान शा मा वि जवाहर नगर रहे। अमित पीठवे, अभिरुचि ललित कला अकादमी देवास निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। अजय कुमार सोलंकी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। प्रतियोगियों को स्वल्पाहार भी वितरण किया। प्रतियोगिता के संचालक व निर्देशक योगेश पाल ने बताया गया कि विभाग द्वारा इस प्रकार के और आयोजन भविष्य में भी किए जाएंगे तथा छात्राओं व शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की गई कि वह स्वयं एवं अपने संबंधितों को भी संग्रहालय भ्रमण के लिए लावे और यहां प्रदर्शित अपने गौरवशाली इतिहास की धरोहरों से रूबरू हो।

एम .वाय . चूहा कांड को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

देवास। एम.वाय. चूहा कांड को लेकर डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (डीएवीएस) उज्जैन संभाग अध्यक्ष संदीप मालवीय ने अपनी टीम के साथ हाटपिपल्या तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में एम वाय अस्पताल इंदौर में दो नवजात मासूम बेटियों की उंगली को चूहे खा जाने से उनकी दर्दनाक मृत्यु हो जाने पर अस्पताल के डीन और अधीक्षक को निलंबित कर डीन अधीक्षक सहित जिम्मेदारों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करने व मासूम बेटियों की संस्थागत हत्या होने पर न्याय की मांग और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही अध्यक्ष संदीप मालवीय ने तहसीलदार से कहा कि 24 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त समाजजन के साथ हाटपीपल्या में धरने पर बैठेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन में डीएवीएस हाटपिपलिया तहसील अध्यक्ष अजय गंगवाल, संदीप सूर्यवंशी, विजेंद्र रालोती, आयुष, दीपक राजोरिया, चेतन जाटव, कुणाल चौहान, लक्की बागवान, शुभम राजोरिया, एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 108 वीं जयंती मनाई

देवास। स्थानीय विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल देवास में शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस यादगार कमिटी द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के समक्ष कई महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी प्रदान की गई। अधिवक्ता शुभम लोधी ने साईबर क्राइम से बचाव एवं उसके पहलुओं पर विस्तार से कानूनी जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता नायला अर्शी कुरेशी ने किशोर न्याय अधिनियम एवं पोक्सो एक्ट के बारे में विद्यार्थियों को सरल भाषा में समझते हुए उनके अधिकारों व सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। वहीं शासकीय विद्यालय से रिटायर्ड कुसुम वागड़े ने किशोरों के बीच शारीरिक एवं मानसिक विकास पर चर्चा की और बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी सचिव वाणी जाधव ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सैयद सदफ जहां ने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से शहीद ए आजम भगत सिंह के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का आहवान किया।

एक नजर नवनियुक्त अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी घोषणा

श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज प्रगति संगठन देवास की महिला कार्यकारिणी का गठन

देवास। श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज प्रगति संगठन देवास द्वारा स्थानीय विकास नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर देवास में संगठन की महिला इकाई का गठन किया गया। इस गरिमामई आयोजन के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉ सुरेश शर्मा, महेंद्र जोशी पूर्व अध्यक्ष, अरविंद शर्मा पैड़ी अध्यक्ष, माधवानंद दुबे समाज अध्यक्ष, धर्मेंद्र जोशी पेडी उपाध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा सहसचिव अशोक शर्मा उपाध्यक्ष एवं देवेंद्र जोशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियो द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात समाज के अध्यक्ष श्री दुबे द्वारा महिला मण्डल नवीन महिला कार्यकारिणी का गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सर्वसम्मति से महिलाअध्यक्ष पद हेतु सुनीता तिवारी को समाज की महिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती तिवारी द्वारा अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें महिला कार्यकारिणी संरक्षक कृष्णा तिवारी, रुक्मणी जोशी, शारदा नायक, आशा पंडित, रेखा उपाध्याय, उषा दुबे, पुष्पा शर्मा, बृजबाला पांडिया, हीरामणि जोशी, अध्यक्ष सुनीता तिवारी, सचिव विनीता जोशी, सह सचिव रीना जोशी, रूपाली जोशी, हीना शर्मा उपाध्यक्ष, एकता जोशी, निशा त्रिवेदी, आरती जोशी, अर्चना शर्मा, सुषमा पंडित, कोषाध्यक्ष ममता शर्मा, सांस्कृतिक सचिव मनीषा पंडित, सोनू पाठक, चंचला तिवारी, रेखा तिवारी, स्वाति त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी प्रियांशी तिवारी, आकांक्षा तिवारी, आरती शर्मा, बी सी प्रभारी प्रतिभा पंडिया, जया त्रिवेदी, हिना शर्मा, परामर्श समिति कार्यकारी सदस्य सौम्या शर्मा, संध्या उपाध्याय, रेखा जोशी, किरण पाठक, आराध्या उपाध्याय, जयश्री जोशी, हंसा जोशी, पूजा तिवारी, रेखा जोशी, शर्मिला जोशी, मेघा अंकित जोशी, संगीता शर्मा, बबीता जोशी, उषा शर्मा, कामना जोशी, पूजा जोशी, सीमा उपाध्याय, मंजू शर्मा, कीर्ति शर्मा, अक्षिला शर्मा, राधा जोशी, टीना शर्मा, जया त्रिवेदी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुरेश शर्मा, महेंद्र जोशी, अरविंद शर्मा, धर्मेंद्र जोशी, राजेंद्र शर्मा सहित समस्त अतिथियों ने संबोधित करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष माधवानंद दुबे ने की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक उपाध्याय एवं प्रियांशी तिवारी ने दी। आभार संगठन के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा आचार्य ने माना।

अनुजाति जनजाति अत्याचार निवारण की बैठक संपन्न

कन्नौद। अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण की त्रैमासिक बैठक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)कन्नौद, कन्हैयालाल तिलवारे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अत्याचार निवारण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष अनुसूचित जाति/ जनजाति समुदाय के कुल दर्ज अपराध 19 न्यायालय में 16 प्रकरण पेश किए गए व प्रथम राहत प्रकरण सभी 19 प्रकरण प्रेषित किए गए, शेष की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में कन्हैयालाल तिलवारे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कन्नौद, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सदस्यकन्नौद, तहसीलदार सदस्य कन्नौद, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद, राजाराम चौखार सामाजिक कार्यकर्ता, हरिप्रसाद पांडेय सामाजिक कार्यकर्ता, रामकरण यादव सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रभारी नोडल राधेश्याम सल्लाम कन्नौद ने दी।